ट्रैक्टर की टक्कर से बालक की मौत, चार घायल

जिलाजेल में बंदी से मुलाकात कर वापस लौटते समय पुलिस लाइन के पास हादसे का हुए शिकार, दो की हालत गम्भीर देखकर किया गया रिफर

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिराहे के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक बालक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। जबकि, उसकी मां समेत चार अन्य लोग घायल हो गए। इनमें दो को स्थिति गम्भीर देख रिफर कर दिया गया। परिवार जेल में निरुद्ध बंदी से मुलाकात कर लौट रहा था।

महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव की कुशमा देवी का पति राजेश जिला कारागार में निरुद्ध है। मंगलवार को वह परिवार के साथ पति से मिलने गयी थी। लौटते वक्त टेवां बाजार में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिराहे के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक बिंदेश्वरी प्रजापति (३०) पुत्र रामराज निवासी गौसपुर टिकरी थाना मंझनपुर, कुशमा देवी (३०), उनके ससुर छोटे लाल (६०) और उनके दो बच्चों में आठ वर्षीय अवन तथा डेढ़ वर्षीय सुग्गा घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए मंझनपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने अवन को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुग्गा को मामूली चोटें आईं। घायल कुशमा देवी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। वहीं, छोटे लाल को गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया। दूसरी ओर, घायल बिंदेश्वरी प्रजापति को परिजनों ने मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं। कोतवाल विनीत सिंह का कहना है कि मुकदमा कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दुराचार के बाद शादी से किया इनकार,मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। युवती के साथ शादी का झांसा देकर रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी करने से मना कर दिया। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कोखराज इलाके की युवती का कहना है कि प्रयागराज के करेंदा का पुरवा निवासी अब्दुल रहीम रिश्तेदार है। पीडिता के मुताबिक, चार अक्तूबर की रात वह घर पर अकेली थी। मां बड़ी बेटी के यहां तो परिवार के बाकी सदस्य कहीं बाहर गए थे। इस दौरान आरोपी अब्दुल रहीम घर आया। उसने शादी का झांसा देकर दुराचार किया। पहले तो आरोपी व उसके परिजन शादी के लिए राजी थे। २५ अक्तूबर को दोनों पक्षों के रिश्तेदारों के बीच निकाह को लेकर बातचीत हुई तो आरोपी ने विवाह करने से मना कर दिया। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि मुकदमा कायम कर आरोपी की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कराया जाएगा।

मामूली बात पर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

सैनी थाना क्षेत्र के विजयीपुर मजरा सैनी गांव की कौशल्या देवी पत्नी अंकुश ने बताया कि सोमवार की शाम पड़ोसी मुलायम पटेल के घर की महिलाएं उससे बहस कर रही थीं। इसी दौरान तैश में आकर मुलायम पटेल और उसके भाई जागेश्वर ने गाली-गलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी। शोर पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह जान बचाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी टीएन पांडेय ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

जमीन पर कब्जा करने पर दो पक्षों में हुआ विवाद



प्लाटिंग के लिए गिराया पड़ा टिनशेड।

चायल,कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेरई तिलहापुर मोड़ बाजार में सरकारी और गैर.सरकारी जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का धंधा धड़ल्ले से जारी है। बेशकीमती जमीनों पर कब्जा जमाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मची होड़ ने अब खूनी संघर्ष और विवाद का रूप लेना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार की रात एक महिला का टीन शेड गिराए जाने का मामला सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

तिलहापुर मोड़ बाजार के पास सरकारी अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या १७० चक मार्ग और गाटा संख्या १७१नवीन परती समेत दो बीघा से अधिक सरकारी व गैर-सरकारी जमीनों पर पिछले कुछ दिनों से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, लेकिन मिलीभगत या प्रशासनिक ढिलाई के चलते जमीन पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। इस अवैध कब्जे और प्लाटिंग को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया है। प्रयागराज के मर्दीपुर निवासी निशा शर्मा पत्नी वीरेंद्र कुमार का दावा है कि उन्होंने २८ सितंबर २०२६ को बैनामा के जरिए यहां जमीन खरीदी थी, जिस पर उन्होंने टीन शेड डलवाया था। उनका सीधा आरोप है कि सोमवार की रात कुछ लोगों ने बुलडोजर चलाकर उनका टीन शेड गिरा दिया। इस संबंध में उन्होंने उपजिलाधिकारी से लिखित शिकायत की है। दूसरा पक्ष प्रयागराज के नैनी १२६ चक निवासी सीमा देवी पत्नी मदन गुप्ता का कहना है कि उन्होंने मखऊपुर गांव के एक व्यक्ति से जमीन का बैनामा कराया था और जब उन्होंने बैनामा कराया था तब जमीन पूरी तरह खाली थी। उनका आरोप है कि जब वह सोमवार को मौके पर पहुंचीं तो किसी ने जबरन उनकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। मामले को लेकर जब प्रशासनिक और राजस्व विभाग के जिम्मेदारों से बात की गई तो हल्का लेखपाल रवि उनका कहना है कि यह मामला भूमिधरी का है और इस संबंध में उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। हालांकि सरकारी जमीन पर की गई प्लाटिंग की रिपोर्ट अधिकारियों को पहले ही सौंपी जा चुकी है। नायब तहसीलदार संजय सिंह उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व टीम द्वारा हाल फिलहाल में कोई अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। उन्हें इस मामले की जानकारी मिली है जिसकी गंभीरता से जांच करवाकर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

सराय अकिल,कौशाम्बी, सराय अकिल क्षेत्र राम सजीवन पी,जी कॉलेज जयन्तीपुर में स्थापना दिवस पर दिखी शिक्षा के सफर की झलक, संस्थापक डॉ. सूबेदार सिंह ने किया ध्वजारोहण उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान सिर्फ उसकी इमारत से नहीं, बल्कि वहां शिक्षा पाने वाले विद्यार्थियों और समय के साथ बढ़ते उसके दायरे से होती है।

जयन्तीपुर स्थित राम सजीवन सिंह पीजी कॉलेज की १९ वर्षो की विकास यात्रा भी इसी बदलाव की कहानी बयां करती है। २७अक्टूबर २००७ को ६३५ छात्र-छात्राओं के साथ शुरू हुए महाविद्यालय में आज विद्यार्थियों की संख्या करीब ४००० तक पहुंच गई है। मंगलवार को १९वें स्थापना दिवस पर संस्था की इसी यात्रा को याद करते हुए भविष्य में शिक्षा और सामाजिक सरोकारों को नई मजबूती देने का संकल्प लिया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक डा० सूबेदार सिंह ने दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण करके किया। इसके बाद प्राचार्य ने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक के विकास का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति से जुड़े विभिन्न पहलुओं को संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य सहयोगियों के सामने रखा। महाविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों और सहयोगियों के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक डा० जितेन्द्र सिंह ने उन्हें सम्मान प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। समारोह के जरिए संस्था की प्रगति में सामूहिक प्रयासों के महत्व को भी रेखांकित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने भविष्य में संस्था को और आगे ले जाने का संकल्प लिया। शिक्षकों, कर्मचारियों और सहयोगियों के साथ मिलकर शैक्षिक विकास को गति देने के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों को अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

नशे में धुत युवक ने मां-बेटे को पीटा, केस दर्ज

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव की रानी देवी पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि परिवार का रामनाथ उर्फ रोगी आएदिन शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज करता है। पीडित ने पुलिस से शिकायत किया और कारवाई किए जाने की मांग किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

कोखराज थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव की रानी देवी पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि परिवार का रामनाथ उर्फ रोगी आएदिन शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज करता है। सोमवार की दोपहर भी वह गाली दे रहा था। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। पीडिता के मुताबिक, आरोपी ने बीच-बचाव करने पहुंचे उसके १३ साल के बेटे पवन कुमार को भी पीटा। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण



मतदाता सूची को लेकर बैठक करते डीएम ।

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी डा० अमित पाल की अध्यक्षता एन.आई.सी. सभागार में अन्हता तिथि ०१ जनवरी,२०२७ के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा ई.सी.आई. नेट पर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं वी.आर.सी. ऑपरेटरों ने प्रतिभाग किया। बैठक में अन्हता तिथि ०१ जनवरी २०२७ के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा ईसीआई नेट पर कार्यवाही के संबंध में कहा गया।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

कौशाम्बी। नौबस्ता गांव के बाहर मंगलवार सुबह बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता अधेड़ का शव मिला। उसने खुदकुशी की या हत्या कर शव लटकाया गया, फिलहाल यह साफ नहीं है। परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

महेवाघाट थाना क्षेत्र के नौबस्ता निवासी हरिमोहन (४५) पुत्र रामबहोरी खेती कर पत्नी सुमित्रा, दो बेटों बृजेश व विनय और बेटी निर्मला का भरण-पोषण करता था। उसने अपने खेत में बाजरे की फसल बोआई कर रखी थी। परिजनों के मुताबिक, सोमवार की शाम वह रखवाली के लिए खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक नहीं लौटा तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू कर दी। मंगलवार सुबह गांव के कुछ लोग जंगल की ओर बकरियां चराने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर बबूल के पेड़ पर फंदे से लटके हरिमोहन के शव पर पड़ी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। इस संबंध में महेवाघाट थाना प्रभारी कुमार शंकरम का कहना है कि परिवार की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। हरिमोहन के घर से लापता होने की सूचना भी पुलिस को नहीं दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कूड़ा फेंककर लौट रही महिला से दुराचार का प्रयास,शिकायत

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में मंगलवार की सुबह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सुबह-सुबह घर की साफ-सफाई के बाद कूड़ा फेंककर वापस लौट रही एक महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने सरेराह छेड़खानी का प्रयास किया। महिला की सूझबूझ और चीख-पुकार की वजह से बड़ी वारदात होने से टल गई। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी युवक महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को नामजद तहरीर देकर सख्त कानूनी काररवाई की मांग की है।

पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीडित महिला मंगलवार सुबह रोजमर्री की भांति अपने घर के आसपास साफ-सफाई में जुटी हुई थी। सुबह घर की सफाई करने के बाद वह कूड़ा फेंकने के लिए थोड़ी दूरी पर स्थित स्थान पर गई थी। जैसे ही महिला कूड़ा डालकर वापस अपने घर लौट रही थी, तभी पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने उसे सुनसान रास्ते पर पीछे से दबोच लिया। पीडिता के अनुसार युवक ने उसे जबरन जमीन पर पटक दिया और उसकी अस्मत लूटने का प्रयास करने लगा। अचानक हुए इस हमले से घबराई महिला ने हिम्मत नहीं हारी और खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। सुबह के वक्त महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तथा खेतों की ओर जा रहे ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी युवक के हाथ-पांव फूल गए। वह महिला को चेतावनी देते हुए बोला कि यदि इस घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार दूंगा।इसके बाद वह मौके से भाग निकला। सहमी पीडिता किसी तरह अपने घर पहुंची और आपबीती परिजनों को सुनाई। घटना से आक्रोशित परिजन महिला को लेकर पिपरी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पिपरी थाना पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द ही हिरासत में लेकर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में तनाव व आक्रोश का माहौल है।

बिना नियमित डाक्टर के चल रहे अस्पतालों को नोटिस

कौशाम्बी। जिला मुख्यालय के ओसा रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल समेत दो अस्पतालों में नियमित डॉक्टर नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी कर दी है। डिप्टी सीएमओ डा० अशोक कुमार मौर्य ने औचक निरीक्षण के दौरान दोनों अस्पतालों की जांच की। इस दौरान नियमित डॉक्टर की अनुपस्थिति पर संचालकों को नोटिस देकर दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद निजी अस्पतालों की व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बालाजी हॉस्पिटल के अलावा जिस दूसरे अस्पताल का निरीक्षण किया गया, वहां न तो कोई नाम का बोर्ड लगा था और न ही अस्पताल की पहचान स्पष्ट थी। इसके बावजूद विभाग ने दोनों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना नाम और बोर्ड के संचालित हो रहे अस्पताल की व्यवस्था की भी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उनका सवाल है कि अस्पताल की पहचान, वहां उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं और डॉक्टरों की तैनाती की स्थिति स्पष्ट किए बिना केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त है या नहीं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की ओर से दोनों अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मुख्यालय स्थित ओसा रोड पर दो अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। बालाजी हॉस्पिटल में नियमित डॉक्टर नहीं मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। वहीं, दूसरे अस्पताल में अभी काम चल रहा है, उसे भी नोटिस दिया गया है। दोनों अस्पताल संचालकों को दो दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

किशोरी के अपहरण का प्रयास

चलती बाइक से कूदकर किशोर ने बचायी जान

चायल,कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्रों में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। बाइक सवार दो बदमाशों ने एक १५ वर्षीय किशोर का मुंह.हाथ बांधकर उसका अपहरण कर लिया। हालांकि किशोर ने गजब की सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए कोखराज थाना क्षेत्र के रोही ओवरब्रिज के पास चलती बाइक से छलांग लगा दी जिससे उसकी जान बच गई। किशोर के कूदते ही बदमाश बाइक वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से बाइक को कब्जे में ले लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भद्दुरपुर निवासी प्रशांत शुक्ल १५ वर्ष पुत्र आशीष शुक्ल मंगलवार सुबह करीब ६:३० बजे घर से बाहर निकला था। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे दबोच लिया। बदमाशों ने उसका मुंह और हाथ बांधकर उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया और अपहरण कर फरार हो गए। अपहरणकर्ताओं के चंगुल में फंसे प्रशांत ने हार नहीं मानी और मौका मिलते ही कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोही ओवरब्रिज के पास चलती बाइक से नीचे छलांग लगा दी। किशोर के अचानक कूदने से घबराए बदमाश बाइक वहीं छोड़कर और उसमें लॉक लगाकर मौके से फरार हो गए। बदमाशों के चंगुल से किसी तरह सुरक्षित छूटने के बाद डरा.सहमा किशोर भटकता रहा। इसके बाद दोपहर करीब १२:३० बजे उसने एक स्थानीय होटल पर पहुंचकर किसी तरह फोन से अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। बेटे के सुरक्षित होने की खबर मिलते ही परिजनों में राहत की सांस ली और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल ११२ और भरवारी चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद किशोर की वह बाइक भी अपने कब्जे में ले ली जिसे बदमाश छोड़कर भागे थे। इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि परिजनों की ओर से अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी। किशोर पूरी तरह सकुशल अपने परिजनों के पास पहुंच चुका है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है और बदमाशों की तलाश के लिए सुराग जुटाए जा रहे हैं।

संविधान संवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालयों के प्रवक्ताओं को किया गया प्रशिक्षित



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी ।

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मंझनपुर, कौशाम्बी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद कौशाम्बी के तत्वावधान में 'संविधान संवाद' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवक्ताओं को भारतीय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों, संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा विधिक जागरूकता के महत्व से अवगत कराना रहा, जिससे वे विद्यार्थियों एवं समाज के अन्य वर्गों तक संवैधानिक जानकारी प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश चतुर्थ प्रकाश चंद्र शुक्ल, अपर जनपद न्यायाधीश पंचम अशोक कुमार यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया सिंह एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित मिश्रा द्वारा उपस्थित प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एडीजे- चतुर्थ प्रकाश चंद्र शुक्ल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भारतीय संविधान की महत्ता, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, विधि के शासन, समानता के सिद्धांत तथा न्याय तक समान पहुँच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, समाज में विधिक जागरूकता के प्रसार और संवैधानिक आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने में शिक्षकों एवं प्रवक्ताओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। एडीजे- पंचम अशोक कुमार यादव ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध भी कराता है। संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करने तथा नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष तौर पर संविधान के बारे में ९ से १२ वीं कक्षा के छात्रों को ज्यादा जागरूक करने की आवश्यकता है क्योंकि जब वह जागरूक होंगे तो समाज को और बेहतर दिशा देने का काम करेंगे। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान के प्रति सम्मान, विधिक साक्षरता एवं न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के उद्देश्यों को साकार करने में सहायता मिलती है। सचिव प्रिया सिंह ने अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि हम सभी यह जानते हैं कि भारत का संविधान, संविधान सभा द्वारा २६ नवंबर १९४९ को अंगीकृत किया गया तथा २६ जनवरी १९५० को लागू हुआ। भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वे संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। उनके विचारों ने भारतीय लोकतंत्र को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व की मजबूत आधारशिला प्रदान की। हमारे संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया गया है। संविधान की प्रस्तावना में निहित ये आदर्श केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की मूल भावना हैं। हमें यह समझना होगा कि संविधान तभी सफल होगा, जब उसके मूल्यों का पालन केवल न्यायालयों और सरकारी कार्यालयों तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक जीवन में भी दिखाई देगा। साथ ही मौलिक अधिकार एवं नागरिकों की गरिमा भारतीय संविधान के भाग-३ में अनुच्छेद १२ से ३५ तक मौलिक अधिकारों का प्रावधान है। इन अधिकारों में समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल हैं।

चतुर्भुज रूप में प्रकट हुए भगवान राम, जय श्रीराम से गूंजा पण्डाल



करारी रामलीला में मंचन करते कलाकार

करारी,कौशाम्बी। करारी रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार की रात राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। भगवान विष्णु के चतुर्भुज रूप में प्रकट होते ही रामलीला पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। लीला प्रसंग के अनुसार, राजा दशरथ को संतान सुख नहीं था। पुत्र प्राप्ति की कामना लेकर वह गुरु वशिष्ठ के पास पहुंचे। गुरु के मार्गदर्शन में पुत्रेष्टि यज्ञ कराया गया। यज्ञ से प्राप्त प्रसाद तीनों रानियों में वितरित किया गया। समय आने पर रानी कौशल्या के गर्भ से भगवान विष्णु ने राम के रूप में जन्म लिया। चतुर्भुज रूप में भगवान के दर्शन कर माता कौशल्या भावविभोर हो गईं और उनकी स्तुति करने लगीं। इसके बाद भगवान राम ने शिशु रूप धारण कर लीला की। वहीं, कैकेयी के गर्भ से भरत और सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। राजा दशरथ के घर चारों राजकुमारों के जन्म की खबर से अयोध्या में खुशियां छा गईं। राम जन्म प्रसंग के मंचन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। देर रात तक पंडाल में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्रबंधक पंकज शर्मी, रमेश शर्मी, अशोक वर्मी, राकेश जायसवाल, संजीत मोदनवाल, कल्लूराम चौरसिया शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

चोरी का खुलासा न होने पर पीड़िता ने एसपी एवं डीआईजी से लगायी न्याय की गुहार

चायल,कौशाम्बी। संदीपन्घाट थाना क्षेत्र के बदलेपुर गांव में घर की दीवार तोड़कर हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी न होने और विवेचक पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पीडिता मानती देवी पत्नी स्वर्गीय मुन्नू लाल ने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी तथा पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार यह घटना २-३ अगस्त २०२६ की रात्रि लगभग १ बजे की है। आरोप है कि गांव के ही गुड्डू सरोज ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर की दीवार से ईंट हटाकर चोरी की इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर से लगभग ३०,००० रुपये नकद एक पांव चांदी की पायल और पांच तोला सोने के आभूषण समेत लाखों रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के दौरान जब पीडिता की नींद खुली और उसने गुड्डू सरोज को दीवार से कूदकर भागते देखा तथा शोर मचाया तो सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना के संबंध में काफी प्रयासों के बाद ४ अगस्त २०२६ को थाना संदीपन्घाट में अपराध संख्या १८२/२०२६ के तहत चोरी का मुकदमा दर्ज कर गुड्डू सरोज को नामजद किया गया था। पीडिता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो चोरी का खुलासा किया और न ही चोरी गए लाखों रुपये के जेवरात व नकदी की बरामदगी की। मामले की विवेचना कर रहे हल्का दरोगा चंद्रभान यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए पीडिता ने कहा है कि दरोगा की कथित मिलीभगत और ढुलमूल कार्यशैली के कारण आरोपी के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़कर पैसे लेकर छोड़ दिया है। जिसके चलते आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीडिता पर लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। इससे पीडिता और उसके पूरे परिवार में भारी भय का माहौल व्याप्त है। पीडिता का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच किसी अन्य सक्षम अधिकारी से कराई जाए।नामजद आरोपी गुड्डू सरोज एवं उसके साथियों की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई हो।चोरी गए नकदी एवं सोने-चांदी के आभूषणों की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की जाए।हल्का दरोगा चंद्रभान यादव की भूमिका एवं आरोपियों से कथित मिलीभगत के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। पीडिता को दी जा रही जान से मारने की धमकियों को गंभीरता से लेते हुए परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो।

पड़ोसी युवक ने किशोरी को किया अगवा

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी १६ साल की बेटी २४ अक्तूबर की रात संदिग्ध दशा में लापता हो गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही रहने वाला लच्छो रैदास बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है।

कोखराज थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी १६ साल की बेटी २४ अक्तूबर की रात संदिग्ध दशा में लापता हो गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही रहने वाला लच्छो रैदास बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है। मामले की शिकायत पर अपहरण का मुकदमा कायम कर लिया।

क्यूआर कोड स्कैन व्हाट्सएप हैकिंग एवं ठगी से बचाव की दी जानकारी

मंझनपुर,कौशाम्बी। साइबर अपराधों से बचाव के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कौशाम्बी पुलिस की साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना की टीम ने मंझनपुर स्थित मदरसे में बच्चों को जागरूक किया। टीम ने साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की अपील की। पुलिस टीम ने बैंकिंग धोखाधड़ी, क्यूआर कोड स्कैन के नाम पर ठगी, व्हाट्सएप हैकिंग, ओएलएक्स के जरिए धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट, हनी ट्रैपिंग, फर्जी एप, ऑनलाइन लोन स्कैम, एटीएम धोखाधड़ी और सेक्सटॉर्शन समेत विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताया। बच्चों को समझाया गया कि लालच या प्रलोभन में आकर किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें। टीम ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को झांसे में लेकर उनकी जीवनभर की कमाई ठग लेते हैं। ऐसे में किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध एप डाउनलोड करने या बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। पुलिस ने साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर सूचना देने और पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। अभियान का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाना है। साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत से सभी को अपराधो से बचने के लिए बचाया जा रहा है, और सार्वजनिक नंबर दिया जा रहा है।

एक नवम्बर को आयोजित होगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

कौशाम्बी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद न्यायालय परिसर, कौशाम्बी में दिनांक ०१ नवंबर २०२६ को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत निर्बल एवं निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, महिलाओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही, आमजन को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेअधिक से अधिक लोगों को मेगा/बृहद सहायता एवं सेवा शिविर में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को शिविर में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

डंडे से हमला कर फोड़ा महिला का सिर

कौशाम्बी। करारी के चक हिंगुई मोहल्ले की सबीना बानो पत्नी इश्तेखार ने बताया कि २५ अक्तूबर की शाम पड़ोसी अयान पुत्र अकील का पतंग उड़ाने की बात को लेकर उसके बेटे से झगड़ा हो रहा था। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची तो आरोपी अयान अपने घर से डंडा निकाल लाया और सिर पर हमला कर दिया। इससे सिर फट गया। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

पड़ोसियों ने युवक को पीटा, पत्नी को दी धमकी

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के डहिया गांव की लालती देवी ने बताया कि उसके पति त्रिभुवन सरोज सोमवार की सुबह घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। पड़ोस के रहने वाले इंद्रपाल व उसके पुत्र मल्हू जमीन को अपना बताते हुए जोताई करने से मना करने लगे।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के डहिया गांव की लालती देवी ने बताया कि उसके पति त्रिभुवन सरोज सोमवार की सुबह घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे। पड़ोस के रहने वाले इंद्रपाल व उसके पुत्र मल्हू जमीन को अपना बताते हुए जोताई करने से मना करने लगे। नहीं मानने पर पति की पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों ने बीच-बचाव करने पर पीड़िता को भी धमकाया। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने अभियुक्तों के विरुद्ध काररवाई की बात कही है।